भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †4290
सोमवार, 27 मार्च, 2023/6 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

केरल राज्य में चल रही परियोजनाएं

†4290. एडवोकेट डीन कुरियाकोसः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास केरल राज्य में पर्यटन क्षेत्र के केंद्र के सभी कार्यक्रमों और परियोजनाओं का ब्यौरा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास केरल राज्य में पर्यटन क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं का ब्यौरा है;

(घ) यदि हां, तो परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार के पास इडुक्की संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र में केंद्र के सभी कार्यक्रमों और परियोजनाओं का ब्यौरा है;

(च) यदि हां, तो इन कार्यक्रमों और परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) केरल राज्य में प्रमुख पर्यटन स्थलों का ब्यौरा क्या है और आगंतुकों की वार्षिक संख्या कितनी है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (छ): पर्यटक स्थानों/स्थलों की पहचान और विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत केरल राज्य में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की है।

पर्यटन मंत्रालय ने आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी समारोहों के आयोजन के लिए भी केरल राज्य को वित्तीय सहायता दी है।

उपरोक्त योजनाओं के तहत केरल राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण और उनकी स्थिति अनुबंध में दी गई है।

केरल में वर्ष 2015-16 में स्वदेश दर्शन योजना के तहत 64.08 करोड़ रु. की राशि से 'पत्तनमतिट्टा – गावी – वेगामॉन – तेक्कड़ी के विकास' की परियोजना को स्वीकृति दी गई है जिसमें इदुक्की जिले में 52.11 करोड़ रु. की राशि के हस्तक्षेप शामिल हैं। यह परियोजना भौतिक रूप से पूरी हो गई है।

पर्यटन मंत्रालय की उपरोक्त योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से समय-समय पर प्रस्ताव प्राप्त होते है। योजना दिशानिर्देशों के अनुसार इन प्रस्तावों की जाँच की जाती है और विनिर्दिष्ट प्रावधानों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता की शर्त पर परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटक यात्राओं से संबंधित गंतव्य-वार डाटा तैयार नहीं किए जाते हैं तथापि पिछले तीन वर्षों में केरल में घरेलू एवं विदेशी पर्यटक यात्राओं का विवरण निम्नानुसार हैः

| 2020-2022 के दौरान घरेलू एवं विदेशी पर्यटक यात्राएँ | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य | 2020 | | 2021 | | 2022 * | |
| | | घरेलू | विदेशी | घरेलू | विदेशी | घरेलू | विदेशी |
| 1. | केरल | 4988972 | 340755 | 7537617 | 60487 | 18867414 | 345549 |

* अनंतिम

स्रोतः राज्य पर्यटन विभाग

*****

अनुबंध

केरल राज्य में चल रही परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 27.03.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †4290 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि | भौतिक स्थिति (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा - गावी-वेगामोन-थेक्कडी (जिला - इडुक्की और पथनमथिट्टा) का विकास । | 64.08 | 64.08 | पूर्ण |
| 2. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली-पम्पा-सन्निधानम (जिला- पथनमथिट्टा) का विकास । | 54.88 | 27.44 | 76.23% |
| 3. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्नामुला (जिला - तिरुवनंतपुरम) का विकास | 78.08 | 73.77 | पूर्ण |
| 4. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मलनाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना (जिला - कन्नूर) का विकास | 57.35 | 23.77 | 54.46% |
| 5. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुवीपुरम-कुन्नुमपराश्री सुब्रह्मण्यम-चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम (जिला - तिरुवनंतपुरम) का विकास | 66.43 | 15.57 | 51.74% |

प्रशाद योजना (करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत | जारी की गई राशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केरल | गुरुवायूर मंदिर में | 2016-17 | 45.19 | 45.19 | पूर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विकास (जिला: त्रिशूर) | | | | |

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | केंद्रीय एजेंसी | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2013-14 | | | | | | |
| 1. | केरल | रेल मंत्रालय के सहयोग से त्रिवेंद्रम रेलवे स्टेशन पर पर्यटक सुविधाओं का संयुक्त विकास (जिला: तिरुवनंतपुरम) | रेल मंत्रालय | 5.98 | 4.00 | जारी |
| वर्ष 2016-17 | | | | | | |
| 2. | केरल | विलिंगडन द्वीप कोचीन, केरल (जिला: एर्नाकुलम) पर एक वॉकवे / प्रोमिनेड का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 9.01 | 8.27 | पूर्ण |
| 3. | केरल | एर्नाकुलम घाट (जिला: एर्नाकुलम) के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वितीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 21.41 | 19.13 | पूर्ण |
| 4. | केरल | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा साई त्रिवेंद्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन की परियोजना (जिला: तिरुवनंतपुरम) | भारतीय खेल प्राधिकरण | 24.65 | 12.32 | जारी |
| वर्ष 2018-19 | | | | | | |
| 5. | केरल | कोचीन पोर्ट क्रूज टर्मिनल पर अवसरचंना का विकास (जिला: एर्नाकुलम) | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 1.21 | 1.14 | पूर्ण |
| 6. | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 4.66 | 4.66 | पूर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | का निर्माण (जिला: एर्नाकुलम) | | | | |
| वर्ष 2019-20 | | | | | | |
| 7. | केरल | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसरंचना के विकास के लिए सीएफए (जिला: एर्नाकुलम) | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 10.30 | 8.23 | जारी |

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रदत्त वित्तीय सहायता।

(लाख रु. में)

| राज्य का नाम | वर्ष | मेलों/महोत्सवों के नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| केरल | 2015-16 | अखिल भारतीय शिल्प महोत्सव "सरगोलसव" | 12.50 | 12.50 |
| | 2016-17 | 64वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | 25.00 | 25.00 |
| | | राष्ट्रपति ट्रॉफी बोट रेस, कोल्लम | 25.00 | 25.00 |
| | 2017-18 | होम स्टे और ग्रामीण पर्यटन यात्रा बैठक, एर्नाकुलम; सरगालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव, अध्यक्ष ट्रॉफी बोट रेस | 35.00 | 35.00 |
| | 2018-19 | 66वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | 25.00 | 25.00 |
| | | सरगालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2019-20 | केरल होम स्टे एंड टूरिज्म सोसाइटी द्वारा होम स्टे और ग्रामीण पर्यटन यात्रा बैठक | 10.00 | 10.00 |
| | | 67वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | 25.00 | 25.00 |
| | | 9वां सरगालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव | 15.00 | 15.00 |

*****